तापमान

अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार, 9 दिसंबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



10 उच्च जोखिम, टीबी, कुष्ठ के शंकास्पद लोगों की बनेगी सूची






12 ठंड में हरी सब्जियों के दाम हुए सामान्य, लोगों को मिली राहत




## खबर संक्षेप

### साईं जन्मोत्सव पर कोलियारी में मानसगान 21 से

**धमतरी।** ग्राम कोलियारी में श्री साईं बाबा जन्मोत्सव पर 21 एवं 22 दिसम्बर को दो दिवसीय संगीतमय मानसगान व्याख्यान का आयोजन किया गया है। 23 से 31 दिसम्बर 2024 तक श्रीमद् भागवत कथा होगी। कथावाचक पंडित त्रिभुवन मिश्रा फिंगेश्वर होंगे।



### अमलीडीह मड़ई मेला 15 को

**मगरलोड।** ग्राम अमलीडीह में ग्रामवासियों के सहयोग से 15 दिसंबर रविवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भुईयां के अंजोर ग्राम गाजर जिला महासमुंद का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी एकेश्वर यादव व नेमू निषाद ने दी है।

### वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों का सम्मान आज

**धमतरी।** भोथली भाजपा मंडल के महामंत्री प्रीतम साहू के जन्म दिवस पर 9 दिसंबर सोमवार को वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों का सम्मान कार्यक्रम निज निवास में दोपहर 12 से 3 बजे तक रखा गया है।

### सांकरा में क्रिकेट आज से

**नगरी।** इस वर्ष भी ग्राम पंचायत सांकरा में फ्रेंड्स इलेवन स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में सांकरा प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन 9 से 11 दिसंबर तक किया जा रहा है। प्रवेश की अन्तिम तिथि 7 दिसंबर है। स्पर्धा की तैयारी में बबला श्रीमाली, योगेन्द्र बोरझा, भूपेन्द्र यादव, प्रेमानंद ध्रुव, मनीष जुटे हैं।

### भाजपा सरकार किसानों को धोखा दे रही : वेदप्रकाश

**धमतरी।** भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव वेदप्रकाश साहू ने कहा है कि मोदी की गारंटी व विष्णुदेव के शासन में बिजली बिल व खाद्य पदार्थों में बेतहाशा वृद्धि होने से किसान, व्यापारी, मज़दूर तथा गृहिणी परेशान हैं। आगे कहा कि सुरक्षा निधि के नाम से मनमाना बिल थमाया जा रहा है। चुनाव के दौरान बीजेपी सरकार ने किसानों से कहा कि वह धान का 3100 रुपये एकमुश्त भुगतान करेगा। यह वादा किसानों के लिए अभिशाप बन गया है। 10,000 रूपये तुरन्त देने का वादा किया था। सोसाइटी में धान खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन नहीं कट पा रहा है जिससे किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। युवा वर्ग के लिए सरकारी नौकरी की कोई बात नहीं होती है।



### उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान जाम

**पुरी।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू की गई परंतु संग्रहण केन्द्रों में तीव्र गति से परिवहनकर्ता द्वारा धान का उठाव नहीं किया जा रहा है। इससे कई उपार्जन केन्द्रों में बफर लिमिट से अधिक धान जाम हो गया है। कई जगह धान खरीदी बंद की स्थिति नौबत हो गई है। जिला कार्यवाहक अध्यक्ष एवं प्रदेशध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि पूरे प्रदेश की 2058 सहकारी समितियों में 2739 उपार्जन केन्द्रों द्वारा आज की स्थिति में 18 लाख टन धान की खरीदी हो गई है और डीओ 4 लाख टन जारी किया गया है, जिसमें डेढ़ लाख टन ही लगभग संग्रहण केंद्रो में भंडारण ही हो पाया है। इससे धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी करने के लिए जगह नहीं है। मार्कफेड रमेश शर्मा ने बताया कि मिलरों की हड़ताल समाप्त हो गई है। अब कर्मचारियों और किसानों को राहत मिलेगी।

---

### वीर मेला के मद्देनजर सिहावा की ओर किया जा रहा वाहनों को डायवर्ट

# तीन दिन के लिए कांकेर रोड में भारी वाहन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी से कांकेर रोड में सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। रुट नगरी सिहावा की ओर से डायवर्ट किया गया है लेकिन धमतरी में किसी प्रकार डायवर्सन नहीं होने के कारण ड्राइवर कंफ्यूज हो रहे हैं। जिन्हें प्रतिबंध की जानकारी है, वे तो धमतरी से ही अपना मार्ग बदल ले रहे हैं लेकिन जिन्हें जानकारी नहीं है धमतरी क्रॉस कर आगे निकल रहे हैं। इन वाहनों को पुरूर से डायवर्ट किया जा रहा है।

कांकेर रोड स्थित राजाराव पठार में हर साल विराट वीर मेला लगता है। इस मेले में प्रदेशभर से लोग एकत्रित होते हैं। जिसके चलते राजाराव पठार में ऐतिहासिक भीड़ उमड़ती है। रविवार से वीर मेला शुरू हो गया है। उमड़ने वाली भीड़ का अंदाजा लगाते हुए पुलिस इस मार्ग पर बड़े एवं भारी मालवाहक वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस मार्ग पर सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। इन वाहनों को सिहावा चौक से नगरी सिहावा की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। इन वाहनों को सिहावा चौक से नगरी होते हुए कोंडगांव केशकाल भेजा रहा है। उधर से आने वाले भारी वाहनों को भी इसी रूट से रायपुर की ओर भेजा जा रहा है। राजनांदगांव, दुर्ग भिलाई के लिए वाहनों को माकड़ी चौक से भानुप्रतापुर-डौण्डी-दल्लीराजहरा-राजनांदगांव होते हुए दुर्ग भिलाई रायपुर रवाना किया जा रहा है।

#### पहले भी थी समस्या

कांकेर रूट को लेकर पहले से समस्या है। यहां पर केशकाल घाटी में काम चलने से वाहनों को सिहावा धमतरी की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। 10 नवंबर से यह मार्ग बंद है। अब इसकी तिथि और बढ़ा दी गई है। उल्लेखनीय है कि सिहावा धमतरी मार्ग बस्तर से आने के लिए अच्छा विकल्प है लेकिन इस मार्ग की हालत काफी खराब है। वाहन चालकों ने बताया कि इस मार्ग का सुदृढ़ीकरण कर दिया जाए तो नेशनल हाईवे में ट्रैफिक का दबाव काफी कम हो जाएगा। लोगों को सुविधा भी मिलेगी।




#### भटकाव की स्थिति

भारी वाहनों को सिहावा की ओर डायवर्ट किया जा रहा है लेकिन धमतरी में किसी प्रकार का डायवर्सन नहीं लगाया गया है। हालांकि परिवहनकर्ताओं के वाट्सएप ग्रुप में सूचना साझा की गई है। इसके बाद भी कई ड्राइवर पुरुर तक पहुंच रहे हैं। पुरुर से उन्हें दूसरे मार्ग से सिहावा की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। यदि धमतरी से वाहनों को डायवर्ट किया जाता है तो ड्राइवरों को भटकना नहीं पड़ेगा।

---

# आरक्षक भर्ती प्रक्रिया फिर शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हाईकोर्ट से स्टे हटने के बाद फिर से पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रविवार को बड़ी संख्या में युवाओं ने इस परीक्षा में पास होने के लिए पसीना बहाया। भर्ती प्रक्रिया बंद होने से जो अभ्यर्थी परीक्षा नहीं दे पाए हैं, उन्हें फिर से नई तिथि दी जा रही है।

पुलिस आरक्षक भर्ती में दी जा रही प्राथमिकता को लेकर कुछ लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसके बाद हाईकोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया पर स्टे लगाया था। अब स्टे हट गया है। स्टे हटने के बाद फिर से भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र में दी गई तारीख के अनुसार उपस्थित होने कहा गया है। वहीं स्टे के चलते जो अभ्यर्थी परीक्षा नहीं दे पाए हैं, उन्हें नई तिथि दी जा रही है।

---

## सीएम ने गोंड समाज की वैवाहिक पत्रिका का किया विमोचन




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी से पिछले 20 वर्षों से लगातार प्रकाशित हो रही गोंड समाज की वैवाहिक पत्रिका का विमोचन कृषक सभागार इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर लाभांडी रायपुर में आयोजित सर्व आदिवासी समाज के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, दुर्ग विधायक ललित चंद्राकर, सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा शिशुपाल शोरी, राष्ट्रीय महासचिव लोकेंद्र सिंह, पत्रिका के संपादक आरएन ध्रुव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## न्यूनतम तापमान 4 डिग्री गिरेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ मौसम के शुष्क रहने की संभावना

सोमवार से न्यूनतम तापमान गिरना शुरु हो जाएगा। फेंगल चक्रवात के कारण मौसम के खराब होने से न्यूनतम तापमान 13 डिग्री से बढ़कर 20 डिग्री पर आ गया था, वहीं अधिकतम तापमान 27 डिग्री से 33 डिग्री पर चला गया था। मौसम साफ होने तथा उत्तरी हवाओं के आगमन से न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री तक गिरावट आएगी।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर पश्चिम भारत में समुद्रतल से 12.6 किमी की ऊंचाई पर 140 नाट गति की जेट स्ट्रीम हवाएं चल रही हैं। पश्चिमी विक्षोभ एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में मध्य पाकिस्तान एवं उसके आसपास के क्षेत्र में समुद्रतल से 3.1 और 4.5 किमी बना हुआ है। मध्य क्षोभ मंडलीय स्तरों में द्रोणिका बनी हुई है। इसकी धुरी समुद्रतल से 5.8 किमी ऊपर है। यह देशांतर 73 अंश पूर्व और अक्षांश 30 अंश उत्तर में चल रहा है। प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। तापमान गिरेगा।

# फुटपाथी व्यवसायियों ने मांगा वेंडिंग जोन

■ बिना दुकान उपलब्ध कराए हटाना उचित नहीं : फुटपाथी व्यवसायी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के फुटपाथी, फुटकर व्यवसायियों ने जिला एवं निगम प्रशासन से व्यवसाय करने के लिए सुरक्षित वेंडिंग जोन मांगा है। उनका कहना है कि इससे सड़क यातायात तो सुगम होगा ही साथ ही उन्हें सुरक्षित दुकान भी मिल जाएगी। अधिकारी अतिक्रमण हटाने के दौरान सड़क किनारे व्यवसाय कर रहे व्यवसायियों को हटा देते हैं। दुकानें तोड़ दी जाती हैं। इससे रोजी रोटी पर असर पड़ता है। जीविकोपार्जन के लिए इधर -उधर भटकना पड़ता है।

फुटपाथी व्यवसायी शंकर ध्रुव, निर्मल सिन्हा, आनंद साहू, गिरधर नेताम, तेजराम कुंभकार आदि ने बताया कि उनके द्वारा लगातार वेंडिंग जोन की निर्माण की मांग की जा रही है। उनकी मांग पर निगम ने पहल भी की थी। लेकिन सरकार बदलते ही फाइल ठंडे बस्ते में चली गई। कोरोनाकाल से पहले ही वेंडिंग जोन बनाकर दुकानदारों को स्थायी दुकान उपलब्ध कराने का निर्देश भी मिला था। वर्तमान में शहर के सभी मार्गों में सैकड़ों अस्थाई फुटपाथी दुकाने हैं। लोग रोजी रोटी की लालसा में रोड किनारे बैठकर व्यवसाय चलाते हैं और जीविकोपार्जन करते हैं। आर्थिक दृष्टि से कमजोर होने के कारण फुटपाथी व्यवसायी दुकान किराया से नहीं ले पाते। जब तक इन दुकानदारों को व्यवस्थित जगह उपलब्ध नहीं कराई जाती तब तक सड़क पर अतिक्रमण होते रहेगा। अब तो दूरदराज गांवों के बेरोजगार व्यक्ति भी कम संसाधन में रोड किनारे ठेला गुमटी खोलने लगे हैं। फुटपाथी व्यवसायियों की संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है।



---

### किसानों को हो रही आर्थिक क्षति, पुलिस से की शीघ्र कार्रवाई की मांग

# खेतों में लगे सबमर्सिबल मोटरपंप से केबल वायर समेत अन्य पार्ट की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

उपतहसील करेली बड़ी के दर्जनों किसानों के खेत में लगे सबमर्सिबल मोटर पम्प, केबल वायर समेत ऑटो पार्ट, पना पेंचिस की चोरी की घटना लगातार हो रही है। इन किसानों ने करेली बड़ी पुलिस चौकी में रिपार्ट दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा पतासाजी करने का हवाला दिया जाता है। अज्ञात चोर पकड़ से बाहर है।

किसान राजाराम साहू के खेत से 20 फीट मोटरपंप केबल वायर की चोरी हुई है। टेमन लाल साहू के खेत से 25 फ़ीट, श्रीराम साहू के खेत में लगी मोटर पम्प मशीन से 35 फ़ीट, कुमार साहू के खेत से 20 फ़ीट, ठाकुरराम साहू के खेत से 20 फ़ीट, भोजराम साहू के खेत से 15 फ़ीट और चंदकुमार साहू के खेत से 3 बार अज्ञात चोरों ने सामान पर हाथ साफ किया है। इसके अलावा शिवदयाल, नारायण साहू, पुनीतराम साहू, हिरदेराम साहू, रोहित साहू, डोमेश्वर साहू, लोकेश, ओमनाथ साहू, पदुम साहू, जीवन, बीरेंद्र, गोपालराम साहू, शेखूराम, कमलेश साहू के खेतों में लगे मोटर पम्प के केबल वायर समेत ऑटो मशीन और पना पेंचिस की चोरी हुई है। किसानों में 6 दिसम्बर को चौकी पहुंचकर पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। किसानों ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर किसानों के खेत से अज्ञात चोर ने केबल की चोरी की है। पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।


शिकायतकर्ता किसान

उल्लेखनीय है कि यह घटना रात्रि में हो रही है। केबल चोरों का गिरोह इस घटना को अंजाम दे रहा है। पुलिस चौकी होते हुए भी गांव में चोरी की घटना लगातार बढ़ रही है। किसानों को केवल कार्यवाही का आश्वासन मिलता है पर कार्यवाही दिखती नहीं। करेली बड़ी में केबल चोरी के अलावा साइकल, पुस्तकों की भी चोरी हुई है। चोरी की घटना से ग्रामीण दहशत में हैं। किसानों को बार बार आर्थिक क्षति हो रही है। किसानों ने बताया कि गांव में कबाड़ दुकान होने से चोरी की घटना लगातार बढ़ रही है।

#### मुक्तिधाम में बोरवेल्स मशीन से केबल की चोरी

सरपंच डोमारसिंह साहू ने बताया कि मुक्तिधाम में लगी बोरवेल्स मशीन से कई बार अज्ञात चोरों ने केबल वायर की चोरी की है। मोटर पम्प की मशीन को भी चोरी कर ली। दो माह बीतने के बाद भी चोरों को पता नहीं लग पाया। इससे पंचायत को हजारों रुपये की आर्थिक क्षति हुई है।

# 45 पौवा देशी शराब के साथ आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कचना के फैमिली ढाबा में अवैध रूप से शराब बेचा जा रहा था। बिरेझर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके पास से 45 पौवा देशी शराब और 2160 रुपए नकद बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस चौकी बिरेझर को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कचना के फैमिली ढाबा में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने फैमली ढाबा में रेड किया। आरोपी दीपक दास मानिकपुरी पिता हंसदास मानिकपुरी उम्र 45 वर्ष साकिन के कब्जे से थैले में रखी 45 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की गई। शराब की कीमत 4950 रुपए है। इसके अतिरिक्त शराब बेचकर उसने 2160 रुपए भी रुखे थे। पुलिस ने इन रुपयों को भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



इस कार्रवाई में चौकी बिरेझर से सउनि कांतिलाल साहू, प्रआर हरीश साहू, शेषनारायण पांडेय, आरक्षक भागवत खांडेकर, ओम प्रकाश निषाद, महिला आरक्षक प्राची गुप्ता का योगदान रहा।

---

### न्यू ईयर सेलेब्रेशन के लिए गंगरेल के मोटल में तैयारी शुरु

# ठंड के साथ गंगरेल पर्यटन में रौनक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल पर्यटन में इस बार न्यू ईयर सेलिब्रेशन नया अंदाज में होगा। बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट में इसकी तैयारी के साथ बुकिंग शुरु हो गई है। इधर ठंड बढ़ते ही गंगरेल पर्यटन में रौनक छा गई है। रविवार को हजारों की संख्या में गंगरेल पहुंचे सैलानियों ने पर्यटन को इंज्वाय किया। मां अंगारमोती का दरबार श्रद्धालुओं से भरा रहा।

न्यू ईयर 2025 को सेलिब्रेशन करने फैमिली तथा दोस्तों की प्लानिंग शुरु हो गई है। कई लोग हिल स्टेशन तो कई धार्मिक स्थलों में जाने के लिए रेल टिकट तथा निजी वाहनों की बुकिंग कर रहे हैं। विभिन्न शहरों से लोग गंगरेल के लिए ट्रीप बना रहे हैं।



स्थानीय निवासी प्रशांत मीनपाल, अशोक पटेल ने बताया कि नये साल के लिए मैनपाट जाने की तैयारी कर रहे हैं। दोस्तों के साथ वे फोरव्हीलर में टूर करेंगे। दुष्यंत राव, अमित देवांगन ने अपनी फैमिली के साथ बालाजी की दर्शन यात्रा के लिए रेल का टिकट बुक करा लिए हैं। गंगरेल पर्यटन में भी इस साल नये वर्ष का स्वागत खास होगा।

बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के मैनेजर ने बताया कि न्यू ईयर 2025 सेलेब्रेशन पार्टी के लिए बुकिंग शुरु हो गई है। उड़ीसा से 4 फैमिली सहित रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा के टूरिस्टों ने रिसोर्ट की बुकिंग कर ली है। फिलहाल अवकाश के दिनों में कारपोरेट ग्रुप, कालेज ग्रुप डे आउटिंग के लिए पहुंच रहे हैं। रिसोर्ट के लॉन में वालीबाल, क्रिकेट, बच्चों के लिए मिकीमाउस और विभिन्न तरह के गेम एक्टीविटीज है।

न्यू ईयर पर लक्जरी वुडन काटेज का पर नाइट चार्ज 18999 रुपये, लेक व्यू स्वीस टेंट का रूम एक रात के लिए 14999 तथा गार्डन व्यू स्वीस टेंट का एक रात का 12999 रुपये चार्ज रख गया है। इसमें लंच, इवेंट, हाईटी, गाला डिनर के साथ इवेंट तथा अगले दिन का ब्रेकफास्ट दिया जाएगा। वाल्क इन पैकेज में कपल 2500 रुपये, एक्स्ट्रा प्रति व्यक्ति 1200 तथा बच्चों का 700 रुपए चार्ज है। न्यू ईयर 31 फर्स्ट में आतिशबाजी, बालीवुड डीजे, फूड काउंटर, राउंड सिटिंग, लक्की ड्रा, गिफ्ट के अलावा नाइट में अलाव की सुविधा रहेगी।

### गिरौद में शिव महापुराण कथा 12 से

**मगरलोड।** ग्राम गिरौद के दुर्गा मंच बाजार चौक में दोपहर 1 से 5 शाम बजे तक 12 से 19 दिसंबर तक शिव महापुराण कथा अमृत कथा महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस 12 दिसंबर को वेदी पूजा, कलश यात्रा, कलश स्थापना, शिव महापुराण महात्म्य कथा, 13 दिसंबर को कथा प्रसंग, प्राकट्य कथा, 14 दिसंबर को संध्या देवी तपस्या, नारद मोक्ष कथा, सती कथा, 15 दिसंबर को शिव पार्वती विवाह उत्सव, 16 को श्याम कार्तिक जन्म, तारकासुर वध, 17 दिसंबर को श्री गणेश जन्म कथा, 18 दिसंबर को तुलसी वृंदा, जालंधर वध, बेल पत्ता, वर्षा, शोभायात्रा, भोज भंडारा पश्चात कथा का समापन होगा। कथावाचक पं. कालेश्वर प्रसाद तिवारी महाराज होंगे। यह आयोजन खोरबहारिन साहू, नारायणराम साहू, रामकली साहू परिवार द्वारा किया गया है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### अंवरी में निभाई गई बड़होना की रस्म

**अंवरी।** ग्राम अंवरी में आज भी बड़होना की परंपरा निभाई जा रही है। ग्रामीण डागेश्वर साहू, ईश्वर साहू, नीरज साहू, गुलशन साहू, मुकेश साहू, रोशन साहू ने बताया कि फसल कटने के बाद किसान अपनी फसल के छोटे से भाग में विधि-विधान पूर्वक पूजा पाठ करते हैं जिसे बड़होना कहते हैं। पूरा धान कटने के बाद ही बड़होना की रस्म अदा की जाती है। इस वर्ष भी फसल कटने के बाद यह परंपरा निभाई गई।

### पुलिस बल आरक्षक भर्ती प्रक्रिया फिर से शुरू

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2023–24 को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। बस्तर रेंज के अंतर्गत कोंडागांव, कांकेर और नारायणपुर जिलों के रिक्त पदों के लिए आयोजित भर्ती प्रक्रिया, जो न्यायालय के स्थगन आदेश के कारण रुकी हुई थी, अब पुनः प्रारंभ कर दी गई है। भर्ती प्रक्रिया 16 नवंबर 2024 से 5 जनवरी 2025 तक आयोजित होनी थी। पहले चरण में दस्तावेज़ों की जांच, नापजोख और शारीरिक दक्षता परीक्षा 26 नवंबर 2024 को पूरी हो चुकी थी। हालांकि, न्यायालय के आदेश पर 27 नवंबर 2024 को यह प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी। उच्च न्यायालय द्वारा 7 दिसंबर 2024 को स्थगन आदेश हटाए जाने के बाद, 8 दिसंबर 2024 से भर्ती प्रक्रिया पुनः शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

### तुलसी मानस प्रतिष्ठान में लोकेश बने प्रदेश सलाहकार

**केशकाल।** तुलसी मानस प्रतिष्ठान में प्रदेश स्तर पर पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया है। बस्तर संभाग से लोकेश गायकवाड़ को प्रदेश सलाहकार बनाया गया है। प्रतिष्ठान के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख के निर्देशानुसार प्महासचिव राजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा जारी सूची में कुल 24 पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिसमें दीप्ति पांडे प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जगदलपुर, छगन यादव कोषाध्यक्ष चारामा, हृदय राम सोरी कांकेर, मुन्नालाल देवदास गरियाबंद, रोहित जंघेल छुई खदान खैरागढ़, तामेश्वर साहू राजनांदगांव, श्याम चंद्रा सक्ति, दयानंद वर्मा दुर्ग को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जितेंद्र पटेल मोहला मानपुर को प्रदेश संयोजक, प्रदीप कुलदीप कांकेर को सचिव, रामकुमार साहू बालोद सहसंयोजक, लोक राम साहू गरियाबंद सह सचिव का दायित्व दिया गया। सीताराम साहू श्याम बालोद और कांशीराम जैन कांकेर को प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, दुर्गा मंदिर के पीछे, होम प्लेज के ऊपर धमतरी मो. 9174466336

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड में निक्षय-निरामय अभियान का शुभारंभ

# उच्च जोखिम, टीबी, कुष्ठ के शंकास्पद लोगों की बनेगी सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर यूएल कौशिक के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड में निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान 2024-25 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वयोवृद्ध कार्यक्रम अंतर्गत सर्वे किया जाएगा। मितानिन एवं सर्वे दल के सदस्यों द्वारा टीबी, कुष्ठ एवं वयोवृद्ध देखभाल हेतु गतिविधियां अभियान के दौरान की जायेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती नीतू खिलावन साहू अध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड एवं खंड चिकित्सा अधिकारी मगरलोड डॉक्टर शारदा ठाकुर तथा स्वास्थ्य स्टाफ की उपस्थिति में किया गया।




खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया 100 दिवसीय सघन अभियान प्रथम चरण में 7 से 22 दिसंबर तक प्रचार प्रसर्जन भागीदारी गतिविधियां घर-घर सर्वे कर उच्च जोखिम, टीबी, कुष्ठ शंकास्पद की सूची बनाना, सैंपल संग्रहण करना, द्वितीय चरण में 23 दिसंबर से 28 फरवरी तक मापअप गतिविधियों एवं फॉलोअप एक्स-रे हेतु मोबिलाइजेशन, टीबी सैंपल संग्रहण एवं जांच स्वास्थ्य शिविर, कुष्ठ रोगी की पुष्टि स्क्रीनिंग, प्रचार प्रसार, जनभागीदारी गतिविधियां, तृतीय चरण में 1 मार्च से 15 मार्च तक फॉलोअप, चतुर्थ चरण में 16 मार्च से 23 मार्च तक अंतिम रिपोर्टिंग संकलित की जायेगी।

# संतान की तरह प्रजा का पालन किया इसलिए लोकमाता कहलाई : वेदनाथ





- चरमुड़िया एवं अटंग स्कूल में मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरमुड़िया एवं अटंग में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्म जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में मुख्य वक्ता धनेश्वर निर्मलकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह, वेदनाथ चंद्राकर खंड आयोजन समिति कुरूद अध्यक्ष ने भागीदारी निभाई।

वेदनाथ चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि देवी अहिल्या कुशल राजनेता, प्रजा पालक, धर्म, संस्कृति की रक्षक के साथ वीरता और बुद्धि चातुर्य के गुणों की खान थीं। वह अपनी बुद्धि से अपने राज्य के शत्रुओं को भी मित्र बना लिया करती थी। उन्होंने महिला शिक्षा व महिला को संपत्ति में अधिकार दिलाने का कानून बनाया। प्रजा का संतान की तरह पालन करने के कारण उसे लोकमाता की उपाधि प्राप्त हुई। धनेश्वर निर्मलकर ने कहा कि आज भारत के वीर पुरुषों व महिलाओं का जीवन गाथा जानना आवश्यक है जिन्होंने देश की रक्षा के लिए संस्कृति व धर्म को बचाने के लिए अपना सर्वस्व बलिदान दिया है। उनके विचार व कृतित्व हमारे लिए अनुकरणीय है। उनके विचारों को आत्मसातकरने से ही हम अपने राष्ट्र के लिए अपने धर्म के लिए श्रेष्ठ कार्य कर सकेंगे।

कार्यक्रम में विद्यालय की छात्र-छात्राएं नीलाक्षी, रेणुका ध्रुव, लेखराम साहू व्याख्याता, मिथिलेश साहू व्याख्याता, प्राचार्य रामकृष्ण सिन्हा, हैग्रीव प्रसाद शर्मा प्राचार्य, जीवन लाल साहू, नीरज शुक्ला, पार्वती चंद्राकर, गणपति यादव की भी भागीदारी रही।

# पालवाड़ी सोनझरी के पास मुरुम का अवैध उत्खनन, विधायक ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

एक कंपनी द्वारा कई महीनों से पालवाड़ी सोनझरी के पास अवैध रूप से मुरुम उत्खनन किया जा रहा है। इसके लिए किसी भी प्रकार की आधिकारिक परमिशन नहीं ली गई है। रोजाना लगभग 100 ट्रिप मुरुम का खनन कर कंपनी द्वारा भारतमाला में अवैध रूप से डाला जा रहा है।

ज्ञात हो कि भारतमाला का रोड अरबों रुपए की लागत से बनाया जा रहा है, लेकिन मुरूम के लिए परमिशन नहीं होना प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीणजनों ने विधायक से की थी, जिस पर विधायक सिहावा अंबिका मरकाम ने मुरुम खनन स्थल पहुंचकर अवैध उत्खनन के संबंध में जायजा लिया तो पता चला कि इसकी जानकारी विभाग को नहीं है। विधायक ने संज्ञान में लेते हुए इसकी विभागीय जांच कराने की बात कही है।



# टिपानी में उचित मूल्य की दुकान का शुभारंभ

- शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर बने आत्मनिर्भर : भोलाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

आजीविका मिशन अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आय बढ़ाने का प्रयाय किया जा रहा है। इसी क्रम में कुरुद विकासखंड के ग्राम टिपानी में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित करने का दायित्व समृद्धि महिला स्व-सहायता समूह को प्रदान किया गया है। इसका शुभारंभ सोमवार को फीता काटकर एवं इलेक्ट्रॉनिक तराजू की पूजा-अर्चना कर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भोलाराम साहू अध्यक्ष प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जुगदेही ने शासन के जनहित की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समूह की सदस्य राशन दुकान का व्यवस्थित संचालन कर आय बढ़ाते हुए समूह को आत्मनिर्भर बनाएं।



इस दौरान जनपद सदस्य कुरूद कांति उदय साहू, गजेंद्र साहू सरपंच प्रतिनिधि तर्रागोंदी, जीवन सिन्हा पूर्व सोसाइटी सदस्य जुगदेही, ग्रामीण अध्यक्ष नीलकंठ चक्रधारी, ग्राम पटेल बिसरूराम, चंद्रभान कुम्भकार, द्वारिका सिन्हा, हरिराम यादव, कमलेश यादव, छबिलाल ठाकुर, रिखी ठाकुर, महिला समूह अध्यक्ष चमेलीबाई, सचिव आशाबाई, चंद्रिका चक्रधारी, अघनी, देवकुमारी, लक्ष्मी, कुलेश्वरी चक्रधारी के अलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# भारत महान वीरांगनाओं की भूमि : कामता प्रसाद

- बेलौदी स्कूल में अहिल्याबाई होल्कर का त्रिशताब्दी जन्म समारोह मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शाउमावि बेलौदी में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी जन्म समारोह पर व्याख्यानमाला हुई। मुख्य वक्ता कामताप्रसाद साहू आरएसएस जिला बौद्धिक प्रमुख धमतरी ने बताया कि देश को हमने केवल भूमि का टुकड़ा नहीं माना है। हम सभी इस भूमि के रजकण में पले बढ़े हैं। प्रकृति की तमाम चीजों से हमारा पोषण होता है। हमने भारत को श्रद्धा और कृतज्ञतापूर्वक एक पूजनीय परिवार के रूप में संज्ञा दी है।




आगे कहा कि देवी अहिल्या एक साधारण से ग्राम से निकलकर गुणों के कारण राजमहल तक पहुंची और ऐसी न्याय व्यवस्था लागू की जो प्रजा और पुत्र में एक समान न्याय दंड था। वह शिव की अनन्य भक्त थीं। खंडित मन्दिरों का पुनः निर्माण कराया। प्राचार्य अशोक पटेल ने भी अहिल्या बाई की महान गाथा पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर सह जिला कार्यवाह राहुल जैन, खंड सह कार्यवाह अशोक साहू मेघा, त्रिशताब्दी जयंती समारोह जिले के कार्यकारिणी सदस्य बीरेंद्र साहू, मेघा मंडल कार्यवाह शिवनंदन पटेल, व्याख्याता टीआर साहू, एसके साहू, पी. कंवर, सोफिया सैनिक, लुकेश्वरी निषाद, एसआर ध्रुव, एके कश्यप, तुलेधवार साहू, डोमेश्वर ध्रुव, स्वयंसेवक केमेश सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सांकरा में धान मिंजाई जात्रा मनाया गया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा/नगरी

ग्राम सांकरा में धान मिंजाई जात्रा मनाया गया। ग्राम के देव स्थल पर विधि-विधान से पुजारी कुमेश पटेल ने पूजा-अर्चना कर गांव की खुशहाली की कामना की।

मौके पर ग्राम समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, उपाध्यक्ष पवन साहू, छगन साहू, कोषाध्यक्ष देवीशरण कश्यप, सचिव टिकेश साहू, पूर्व उपाध्यक्ष मानस सम्मेलन समिति साधुराम साहू, सचिव मानस सम्मेलन समिति सांकरा नागेन्द्र बोरझा, पूर्व सहसचिव मानस सम्मेलन समिति सांकरा राजू पटेल, जनक साहू, रामेश्वर साहू, जागेश्वर नाथ गोसाई, जेठूराम पटेल, सोपसिंग पटेल, नंदू पटेल, विष्णु पटेल, हरि भंडारी समेत देव समिति के सदस्य व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# देश के विकास में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

- खम्हरिया में रासेयो शिविर का हुआ शुभारंभ

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के स्वयंसेवकों द्वारा खम्हरिया में सात दिवसीय रासेयो शिविर आयोजित किया गया है। शुभारंभ अवसर पर युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पूजा-अर्चना की गई। मुख्य अतिथि सरपंच लक्ष्मीबाई कश्यप, रविशंकर दुबे, विशेष अतिथि पूर्णेन्द्र साहू ,कालूराम साहू, रमेश निषाद, गोवर्धन साहू, कार्यक्रम अधिकारी आरआर मेहरा, सहायक अधिकारी दीपा देवांगन, रंजना साहू थे।



इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि देश के विकास में युवाओं का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। इस प्रकार का आयोजन युवाओं को सामाजिक सहभागिता की सीख प्रदान करता है। व्यक्तित्व का विकास होता है। इस सात दिवसीय आयोजन में साक्षरता, पर्यावरण सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात सुरक्षा सहित विभिन्न विषयों पर स्वयंसेवकों को जानकारी प्रदान की जायेगी।

मौके पर शिविर नायक जितेश ध्रुव, चिमनजीव ठाकरे, आशीष साहू, हिमांशु कोसरे, करण नेताम, लकेश्वर, सोनेंद्र, हेमंत नाग, पुनाराम साहू, चंद्रकांत पुजारी, अभिमन्यु निर्मलकर ,पीयूष साहू, डोमेन्द्र यादव, नीरज मरकाम, अनूप यादव मौजूद थे।

# राष्ट्रीय एकता शिविर बरेली के लिए ख्याति का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा की रासेयो इकाई के स्वयंसेवक ख्याति साहू पिता कामता प्रसाद साहू का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर बरेली (उत्तरप्रदेश) के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर द्वारा किया गया है। ख्याति महाविद्यालय में एमए तृतीय सेमेस्टर भूगोल की छात्रा है। यह शिविर 5 से 11 दिसंबर तक आयोजित है। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य सहित अन्य 10 राज्य के रासेयो स्वयंसेवक सम्मिलित हो रहे हैं। सभी राज्यों के स्वयंसेवक सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपने प्रदेश की कला संस्कृति से परिचय करा रहे हैं। साथ ही विभिन्न सत्रों में बौद्धिक परिचर्चा में अभिव्यक्ति कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा नेतृत्व क्षमता का गुण सीख रहे हैं। छत्तीसगढ़ से 4 बालक और 4 बालिका की टीम कार्यक्रम अधिकारी सुनीता चंसोरिया के नेतृत्व में अपने प्रदेश का मान बढ़ा रही है।




ख्याति के चयन पर प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा, डॉ.एलआर डोंगरे, डॉ. कविता वैष्णव, डॉ.अविनाश आर निचत, आनंद सोनी, दिनेश नाग, रामकिशोर यादव, शकुंतला कोसरिया, हरविंदरसिंह कुर्रे, लोकेंद्र सुधाकर, अनुनय टोप्पो, जानेन्द्र बंजारे रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एलएस गजपाल, जिला संगठक निरंजन कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल धमतरी, तहसील-धमतरी, जिला-धमतरी**

**सूचना पत्र**

प्रति,
01. नानक अग्रवाल/प्रहलाद अग्रवाल सा. धमतरी
02. जसमीत सिंग/अमर सिंग भाटिया सा. नागपुर
03. प्रकाशचंद गोलछा/मूलचंद गोलछा सा. धमतरी
04. मंदिप सिंह/अमर सिंह भाटिया सा. नागपुर
05. संगीता पति राजेन्द्र वाधवानी सा. धमतरी
06. राजेन्द्र वाधवानी/लक्ष्मणदास वाधवानी सा. धमतरी

विषय :- बटांकन, स्थल जांच की सूचना बाबत।

सूचित किया जाता है कि आवेदक नानकचंद अग्रवाल पिता प्रहलाद अग्रवाल निवासी धमतरी द्वारा ग्राम धमतरी प.ह.नं. 33 तहसील व जिला धमतरी में स्थित भूमि ख. नं. 1296/4 रकबा 0.081 हे. भूमि का बटांकन स्थल जांच हेतु प्रस्तुत आवेदन पर तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 26/06/2024 के परिपालन में बटांकन हेतु स्थल निरीक्षण/नाप दिनांक 11/12/2024 दिन बुधवार को समय 12.00 बजे मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमि स्वामी होने के कारण स्थल निरीक्षण/नाप के समय स्थल पर मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात आपत्ति स्वीकार्य नहीं की जावेगी।

जारी दिनांक-03/12/2024

राजस्व निरीक्षक
धमतरी

## तीसरे दिन पंडित दुबे ने नारद मोह व सृष्टि वर्णन की कथा बताई

# सिवनीखुर्द में शिव महापुराण कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

बाजार पारा सिवनीखुर्द (बारना) में चल रही शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन रविवार को पंडित विष्णुप्रसाद दुबे ने नारद मोह और सृष्टि वर्णन की कथा बताई। कहा कि महादेव ने जिस स्थान पर कामदेव को भस्म किया उसी स्थान पर नारद तप करने लगे। तप से कामदेव के भयभीत होने पर नारद को अभिमान हो गया कि उन्होंने काम पर विजय प्राप्त कर ली।






उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु ने माया के द्वारा विश्व मोहिनी स्वयंवर में नारद को आशक्त देखकर वानर रूप दे दिया। जिससे कुपित होकर उन्होंने विष्णु जी को शाप दिया। विष्णु के अवतार भगवार राम को सीता वियोग में वानरों व भालुओं संग 14 वर्ष का जीवनयापन करना पड़ा। पंडित ने बताया कि मानव जीवन के कल्याण के लिए पुराण में नारद भक्ति क्रमशः श्रवण, कीर्तन, स्मरण, वंदना, पूजन और आत्म निवेदन का मार्ग है। उन्होंने कथा सुनाते हुए बच्चों को संस्कारित और सदाचारी बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर बड़ी संख्या में ग्रामवासी कथा सुनने पहुंचे थे।

Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर, बोर्ड, टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400
धमाका ऑफर
डिलीवरी सुविधा उपलब्ध
राजनीतिक कार्य वजीब दाम में
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### बाहरी मटर से लोकल मटर का दाम रहा तेज

**जगदलपुर।** रविवार की दोपहर बारिश होने से ग्रामीण क्षेत्र के खरीददार बाजार में नहीं रहे और बारिश के बंद होने से शहरीय खरीददार सब्जी लेने पहुंचे थे। मौसमी सब्जियों की आवक अधिक होने से सब्जियों की दरें कम हुई, खरीददार कम दिखे। ठंड के मौसम में आने वाला लोकल मटर बाजार में 120 रूपए पर रायपुर का मटर 90 रूपए, टमाटर 20, भट्टा 30, बरबटी 30, भटटा 40, करेला 60, आलू 40, प्याज 60-70, अदरक 200, लहसून 450, फूलगोभी 30, पत्तागोभी 30, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 20 रुपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी एवं मैथी भाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है।

### महतारी वंदन योजना से समक्का को मिली आर्थिक संबल



**बीजापुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सकारात्मक सोच एवं पहल से मातृशक्ति आर्थिक रूप से सशक्त और मजबूत हुई। महिलाएं महतारी वंदन योजना से लाभान्वित होकर आर्थिक गतिविधियों से जुड़ रही है, घर परिवार को छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हो रही है। वहीं व्यवसायी महिलाएं अपने व्यापार-व्यवसाय को भी बड़ी आसानी से बढ़ाने में कामयाब हो रही है। निम्न एवं मध्यम आय वाले परिवार से जुड़े महिलाओं को महतारी वंदन योजना आर्थिक संबल दे रही है। यह योजना उनके लिए संजीवनी की तरह साबित हो रही है। महतारी वंदन योजना के दसवें किश्त प्राप्त कर चुकी राउतपारा बीजापुर की व्यवसायी महिला समक्का एरोला ने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं। उनके बड़े बेटे बीए फाईनल की पढ़ाई कर चुके हैं।

### कृषक योजना से जगदेव उन्नति की ओर अग्रसर

**बीजापुर।** मुख्यमंत्री ने 31 सौ रूपए में धान खरीदकर खेती-किसानी को बढ़ाया है और किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौटी है। कृषक उन्नति योजना के तहत मिलने वाली अंतर की आदान राशि ने खेती किसानी में चार चांद लगा दिया। किसान अब पूरे आत्मविश्वास और सरकार के फैसले से स्वयं को पहले से अधिक सक्षम महसूस कर रहे हैं। बीजापुर जिले के ग्राम जैतालूर निवासी किसान जगदेव भोयर ने बताया कि कृषक उन्नति योजना से वह उन्नति की ओर अग्रसर हुए यह योजना उनके आर्थिक उन्नति का द्वार खोल दिया जगदेव भोयर ने बताया कि उनके पास 12 एकड़ खेत है। पिछले वर्ष 2 लाख 10 हजार रूपए की धान बेची और अंतर की राशि 50 से अधिक रूपए उनको कृषक उन्नति योजना के रूप में मिला जिससे 5 एकड़ खेत में भूमि सुधार कराया।
भूमि सुधार से फसल के उत्पादन में आशातीत वृद्धि हुई जिसके कारण इस वर्ष और अधिक धान बेच रहा है।

### नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव की तैयारी, कलेक्टर-एसपी ने ली अधिकारियों की बैठक

# अवैध खनन, शराब, अतिक्रमण पर समन्वय स्थापित कर करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी और पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नगरीय निकाय और त्रि स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के मद्देनजर तैयारियों एवं कानून व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने आगामी निकाय और पंचायत चुनावों को सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से कराने के लिए सभी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने कहा, ताकि चुनाव निष्पक्ष एवं निर्भीक रूप से सम्पन्न कराया जा सके। इस अवसर पर नगर निगम





आयुक्त प्रिया गोयल, संयुक्त कलेक्टर रामकुमार कृपाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, एसडीओपी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने संवेदनशील केन्द्रों में कोटवार को अलर्ट रखने, स्वास्थ्य सहायता के लिए मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता की बैठक लेकर जानकारी संकलित करने कहा।

अशांति भंग करने वालों की पहचान कर उन पर नजर रखने, मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, साफ-सफाई, शौचालय दुरूस्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव निष्पक्ष एवं निर्भीक ढंग से सम्पन्न कराने प्रशासन, पुलिस अमला को सतर्क एवं जवाबदेही से कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र, अवैध खनन, परिवहन, अवैध शराब, अतिक्रमण पर समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने कहा। संवेदनशील मतदान केन्द्र में सेक्टर अधिकारी नियुक्त करने एवं ब्लॉक स्तर पर प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का संयुक्त कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए।

पुलिस अधीक्षक श्री वार्ष्णेय ने कहा कि गांवों में चलित थाने का आयोजन करें, ताकि अधिक से अधिक लोग जुड़े तथा घटना की सूचना समय पर प्राप्त हो। बदमाश पर निगाह रखने गांवों में सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। ऐसे गांवों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जायेगा, ताकि हर विवाद की सूचना पूर्व में ही प्राप्त हो सके। ऐसे व्हाट्सएप ग्रुप में गांवों के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी शामिल होंगे। कोटवारों का अलग से व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जायेगा।

## चार चरणों में चलेगा निक्षय निरामय अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏩मगरलोड

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसदा अंतर्गत मितानिनों को ग्राम पंचायत मोहरेंगा में छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय टीबी, कुष्ठ, वयोवृद्ध संरक्षण कार्यक्रम पहचान एवं उपचार अभियान की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर सेक्टर हसदा प्रभारी डॉ हुनेंद्र साहू ग्रामीण चिकित्सा सहायक ने बताया कि निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय अभियान 7 दिसंबर से 22 मार्च 2025 तक चार चरणों में चलेगा जिसमें टीबी ,कुष्ठ, एवम व्योवृद्ध स्वास्थ्य संरक्षण कार्यक्रम के तहत ,टीबी, कुष्ठ मधुमेह एवं अन्य कोमार्बिलिटी से ग्रस्त बीमारी का सघन सर्वे कर पहचान एवं उपचार किया जायेगा जिसकी प्रति दिवस ऑनलाइन रिपोर्टिंग भी की जानी है।

डॉ दामिनी कोर्राम चिकित्सा अधिकारी ने 100 दिवसीय निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान की रूपरेखा की जानकारी दी। डॉ गीतांजलि साहू ग्रामीण चिकित्सा सहायक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसदा ने बताया कि उच्च जोखिम वाले संभावित टीबी कुष्ठ के मरीजों की लाइन लिस्टिंग की जायेगी। आरएचओ, सीएचओ एवं सेक्टर सुपरवाइजर के माध्यम से संभावित मरीजों की पहचान पीएचसी में की जायेगी। चिकिसकों द्वारा निदान उपचार किया जाएगा। देवेन्द्र कुमार साहू नेत्र चिकित्सा सहायक ने सर्वे के दौरान बुजुर्गों में मोतियाबिंद के केस को चिन्हांकित करने एवं अभियान को सफल बनाने प्रेरित किया।

इस अवसर पर मितानिन प्रशिक्षक रामती विश्वकर्मा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसदा करेली बड़ी सेक्टर की मितानिनें उपस्थित रहीं।

## पट्टा एवं पीएम आवास के लिए विधायक को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 1 से लेकर वार्ड क्रमांक 9 तक वार्ड वासियों ने पट्टा एवं प्रधानमंत्री आवास बनाने की मांग को लेकर पेमन स्वर्णबेर पूर्व एल्डरमेन, विक्की खनूजा पूर्व पार्षद, लक्ष्मी साहू,रूपेश साहू, प्रमोद कुंजाम, हेमंत शेरपा, गिरीश शेरपा, धनेश्वरी साहू, मोहन राम, रमजान खान की उपस्थिति में विधायक अंबिका मरकाम को ज्ञापन सौंपा। बताया कि नगर पंचायत में लगभग 2000 हितग्राही प्रधानमंत्री आवास से वंचित हैं। पट्टा नहीं होने से उनका आवास नहीं बन पा रहा है जिसके कारण परेशानियों का सामान करना पड़ रहा है। नगर पंचायत में बड़े झाड के जंगल के कारण आवास नहीं बन रहा है। वार्डवासियों ने विधायक अंबिका मरकाम को आगामी विधानसभा सत्र में मांगों को रखने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि आप लोगों का आवास बने और पट्टा मिले।

## बाबा साहेब ने लोकतांत्रिक और समावेशी भारत की नींव रखी

भारतीय बौद्ध महासभा ने भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**धमतरी।** भारतीय बौद्ध महासभा जिला धमतरी द्वारा डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का महापरिनिर्वाण (पुण्यतिथि) दिवस अंबेडकर चौक जोधापुर वार्ड में मनाया गया। समाजजनों ने भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम ने बताया कि डॉ. अंबेडकर एक प्रमुख नेता थे जिन्होंने आधुनिक भारत को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे एक न्यायविद, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे। भारतीय संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ. अंबेडकर ने सभी नागरिकों के लिए न्याय, समानता और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया। संविधान सभा में उनके योगदान ने एक लोकतांत्रिक और समावेशी भारत की नींव रखी। मौके पर लाला राम वैद्य, पार्षदद्य सोमेश मेश्राम, अजय देशलहरे, बीआर कुटारे, दिनेश रामटेके, संतोष नंदेश्वर, दीपक सहारे, विजेंद्र रामटेके, परमेश्वर खापर्डे, संजय



गजबिए, दीपक कामड़े गोपाल कामड़े, रंजना रामटेके, श्रीमती निर्मला रामटेके, राजेश्वरी वाल्मिकी, संध्या मेश्राम, गोपश्वरी खापर्डे, परमेश्वर खापर्डे, मनोज खापर्डे, चुमेश्वर खापर्डे, कन्हैया, दिनेश रामटेके, पुन्नुलाल वाल्मिकी, विरेन्द्र बौद्ध, विद्यासागर गोंडाने समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। यह जानकारी भारतीय बौद्ध महासभा के मीडिया प्रभारी श्रवण रंगारे और खगेन्द्र कुटारे ने दी है।

## लोकश्री का सहकारिता विस्तार अधिकारी के पद पर चयन

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

नगरी निवासी लोकश्री श्रीवास अपने 9वें प्रयास में सीजीपीएससी 2023 में सहकारिता विस्तार अधिकारी के पद पर चयनित हुईं। इसके पूर्व तीन बार इंटरव्यू तथा 8 बार मुख्य परीक्षा (लिखित) दे चुकी हैं। वर्तमान में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। लोकश्री ने बताया कि प्राथमिक स्तर की पढ़ाई शासकीय कन्या प्राथमिक शाला नगरी, कक्षा 10 वीं सरस्वती शिशु मंदिर नगरी, 12 वीं शासकीय श्रृंगी ऋषि उच्च माध्यमिक विद्यालय नगरी तथा बीएससी बायो टेक्नालाजी व एमएससी केमेस्ट्री की पढ़ाई शासकीस डीबी गर्ल्स कालेज रायपुर से की है। इनके पिता रामकुमार श्रीवास सेवानिवृत्त शिक्षक तथा मां सीता श्रीवास गृहणी हैं। लोकश्री ने सफलता का श्रेय अपने परिवार, गुरुजन, ईष्ट मित्रों को है। उनकी इस सफलता पर सेन समाज के अध्यक्ष प्रकाश सेन, सचिव देवेन्द्र सेन, भरतलाल सेन, टीकम सेन, मदन सेन, ललित सेन, प्रताप सुरेशा, बनवाली सेन अन्य ने हर्ष जताया है।

## रोज नए आदेश से पढ़ाई पर पड़ रहा असर : टीचर्स एसोसिएशन

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति इसलिए की जाती है, जिससे वे बच्चों को पढ़ाएं व उन्हें समाज के लिए उपयोगी बनाएं। बच्चों को सही या गलत मार्ग का चयन करना सिखाएं। व्यवहार में ऐसा कुछ होते दिखाई नहीं दे रहा है। इसका मतलब यह नहीं है कि शिक्षक अपने दायित्व से मुंह मोड़ लिया है। डॉ. भूषण लाल चंद्राकर

जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन धमतरी व गेवाराम नेताम ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि नित नए विभागीय ऑनलाइन कार्य, विभिन्न प्रशिक्षण व आए दिन संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रमों व आयोजनों के निर्देश के कारण शिक्षक अपने मूल कार्यों से परे होते जा रहे हैं। स्कूलों में ऑनलाइन एंट्री, डाक बनाने एवं अन्य कार्यक्रमों के कारण अध्यापन के लिए कम समय मिल रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक, प्रांतीय महिला प्रतिनिधि सविता छाटा, जिला महिला प्रकोष्ठ प्रभारी बी यदु, जिला सचिव बलराम तारम, कोषाध्यक्ष रामदयाल साहू ने बताया कि प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में प्रतिदिन मध्याह्न भोजन की एंट्री,





हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में माध्यमिक शिक्षा मंडल में नामांकन व परीक्षा फॉर्म, यूडाइस में सभी विद्यार्थियों का एंट्री कार्य किया जाता है। छात्रवृत्ति की एंट्री व दस्तावेज अपलोड कार्य करना पड़ रहा है। अब अपार आईडी की एंट्री कर जनरेट करने का कार्य भी शिक्षकों को करना पड़ रहा है। वर्तमान में शिक्षकों की वार्षिक अचल संपत्ति का विवरण ऑनलाइन अपलोड करने का भी दबाव बनाया जा रहा है। एसोसिएशन ने इसे निरस्त करने की मांग की है। जिला उपाध्यक्ष गण नंदकुमार साहू, डॉ. गणेश प्रसाद साहू, तीरथराज अटल, नारद राम बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष गण धमतरी गेवाराम नेताम, नगरी शैलेंद्र कौशल, कुरूद दिनेश कुमार साहू, मगरलोड रमेश यादव, हरीश कुमार साहू, धर्मेंद्र साहू, टीकमचंद सिन्हा, तोमल साहू, अशोक कुमार साहू, लोमस साहू, उत्तम साहू, शेषनारायण साहू ने भी इसका विरोध किया है।

## दोनर के कुबेर को मिली नई जिंदगी

- मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से हो रहा कैंसर का नि:शुल्क इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत जरूरतमंद लोगों के लिए आर्थिक सहायता की स्वीकृति दे रहे हैं। गंभीर तथा दुर्लभ बीमारियों के इलाज में होने वाले खर्च से बचाने के लिए संजीवनी सहायता कोष का विस्तार करते हुये मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना संचालित की जा रही है। इस योजना से प्रदेश के



नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं। इसी योजना अंतर्गत जिले के ग्राम दोनर के कुबेर चन्द्राकर का निःशुल्क कैंसर का इलाज चल रहा है। श्री चन्द्राकर ने बताया कि वह इस गंभीर बीमारी का इलाज नहीं करा पा रहा था। एक तरह से उन्होंने जीने की उम्मीद छोड़ दी थी। शुरुआती दौर में उन्होंने आयुष्मान कार्ड योजना से प्राप्त राशि से अपना इलाज कराया। लेकिन उन्हें कैंसर की बीमारी के इलाज के लिए और भी अधिक राशि की आवश्यकता थी। फिर उन्हें मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की जानकारी मिली। उन्होंने मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया और जून 2024 में सहायता राशि स्वीकृत हुई। वर्तमान में योजना अंतर्गत उनका इलाज भिलाई के मित्तल हॉस्पिटल में निःशुल्क किया जा रहा है। श्री चन्द्राकर ने बताया कि उनके कैंसर के इलाज के लिए समय-समय में कीमोथेरेपी की जा रही है, साथ ही अन्य दवाइयां भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि यदि उन्हें मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ नहीं मिल पाता तो शायद ही वह अपनी इस गंभीर बीमारी का इलाज करा पाते। उन्होंने इसके लिए सीम का आभार माना है।

### मितान धारा फाउंडेशन ने की आर्थिक मदद

**कुरूद।** मितान धारा फाउंडेशन धमतरी ने ग्राम पंचायत कातलबोड़ के जरूरतमंद लोगों की आर्थिक मदद की। पीलाबाई दीवान को पति के गुजर जाने पर 3100 रुपये, स्व. भानसिंह साहू के परिवार को 3000 रुपये प्रदान किया। फाउंडेशन ने गंभीर बीमारी के इलाज हेतु नरसिंग कंवर को 5000 रुपये एवं नागेंद्र साहू, कुंती कंवर एवं लखन निर्मलकर को 25-25 सौ रुपये की सहायता राशि प्रदान की।






### सांकरा में बच्चों को न्योता भोज कराया



**सांकरा।** स्व. श्रीमती समारीबाई पटेल संचालिका मध्यान्ह भोजन प्राथमिक शाला कोड़मुरपारा सांकरा की स्मृति में पुत्र युवराज पटेल ने बच्चों को न्योता भोजन के रूप में बड़ा, पूरी, खीर और फल का वितरण किया। मौके पर सीएमसी अध्यक्ष माखन साहू समेत समाजजन एवं शाला परिवार मौजूद थे।






## पीएम आवास योजना 2.0 से पक्के मकान का सपना होगा पूरा : श्यामा

- आवेदन के लिए आधार कार्ड, आय और जाति-प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत गरीब और जरूरतमंदों के पक्के मकान का सपना जल्द ही पूरा होगा। पार्षद श्यामा साहू ने बताया कि इस योजना में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले, अनुसूचित जाति जनजाति, अल्पसंख्यक, विधवा, विकलांग, सफाई कर्मी, रेहड़ी-पटरी वाले, कारीगर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।



उन्होंने बताया कि योजना के तहत उन लोगों को भी राहत मिलेगी जिनके पास जमीन का पट्टा नहीं है लेकिन वे जमीन पर निवास कर रहे हैं। ऐसे मामलों में प्रकरण तैयार कर पट्टा दिया जाएगा, ताकि उन्हें आवास योजना का लाभ मिल सके। योजना में आवेदन के लिए आधार कार्ड, आय प्रमाण- पत्र और जाति प्रमाण- पत्र जैसे दस्तावेज जरूरी होंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 गरीब परिवारों को सिर पर छत देने का एक बड़ा कदम है। अब कोई भी परिवार आर्थिक तंगी के कारण अपना घर बनाने से वंचित नहीं रहेगा।














विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कथा का श्रवण करने पहुंचीं विधायक सावित्री

**चारामा।** नगर चारामा के वार्ड क्रमांक 2, 3 और 4 में श्री श्री बटुकेश्वर महादेव महिला समिति और शीतलापारा के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी पहुंची और कथावाचक शिवानंद महाराज से आशीर्वाद लेकर कथा का श्रवण किया। महिला समिति ने विधायक का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने प्रशंसा करते हुए नारी एकता और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सदस्य गौ सेवा आयोग नरेन्द्र यादव, भुनेश्वर नागराज, अमृत देवांगन, कमलेश सेन, सुभाष सोनकर, शिव सोनकर, धर्मेंद्र कुंजाम, कैलाश कठोलिया व महिला समिति के सदस्य उपस्थित रहें।

### मामूली बात पर ग्रामीण की पिटाई, मामला दर्ज

**कांकेर।** ग्राम सारवंडी के ग्रामीण के साथ एक युवक ने मामूली बात को लेकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया। मारपीट से घायल ग्रामीण ने दुधावा चौकी में शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। चौकी दुधावा अंतर्गत ग्राम सारवंडी निवासी 50 वर्षीय नारायण सिंह नागे पिता अमर सिंह नागे ने पुलिस को बताया कि 3 दिसंबर की रात करीबन 8 बजें पान ठेला से बिस्कुट एवं तम्बाकू लेकर घर जा रहा था। पान ठेला के सामने मेन रोड सारवंडी में गांव का 25 वर्षीय राहुल नाग आया और रात में कहां घुम रहे है बोलते हुए गाली देने लगा। जान से मार दूंगा या गाड़ी से दबा दूंगा कहकर हाथ मुक्का से मेरे साथ मारपीट किया। मारपीट करने से मेरे दोनों गाल, पीठ दांहिने हाथ और भुजा में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा कर रणनीति तय

**जगदलपुर।** अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से ही छत्तीसगढ़ राज्य में भी सबसे बड़ा कर्मचारी संगठन छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का बस्तर संभागीय सम्मेलन 15 दिसंबर 2024 को जगदलपुर में होने जा रहा है। बैठक के मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष जीआर चंद्रा, अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि संघ के प्रमुख संरक्षक पी आर यादव, फेडरेशन के बस्तर संभाग प्रभारी कैलाश चौहान तथा जिला संयोजक आर डी तिवारी होंगे। नगरीय निकाय तथा पंचायत आम चुनाव 2025 के पूर्व बस्तर संभाग में कर्मचारियों की इस बड़ी बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें कर्मचारियों की लंबित ज्वलंत समस्याओं पर विचार विमर्श कर आगामी रणनीति तय की जाएगी। प्रदेश के कर्मचारियों का लंबित महंगाई भत्ता की एरियर्स राशि, चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान, अवकाश नगदीकरण को 240 दिनों के स्थान पर 300 दिन करने आदि कर्मचारियों की ज्वलंत मुद्दे वर्षों से आज भी लंबित है।

### सुखई आनंद मेले में शामिल हुईं विधायक सावित्री मंडावी

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत सुखई में कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल के एनएसएस शिविर के समापन दिवस में ग्राम में प्रथम आनन्द मेला का आयोजन ग्रामीणों के तत्वाधान में आयोजित किया गया, जिसमें सुखई ग्राम के आसपास के ग्राम के बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होकर आनंद मेला का आनंद उठाया। मेला में भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सावित्री मनोज सिंह मंडावी के साथ सरपंच सुमित्रा जगत दुग्गा, जनपद सदस्य देवलाल नरेटी, अशोक जैन, विजय पटेल, उपसरपंच दिनेश माहवे, ग्राम पटेल बज्जूराम कोमरा, ग्राम प्रमुख जगतराम दुग्गा, किशोर जैन, भारतराम सलाम, कृष्ण जैन, बंशीलाल माहवे ने मेला का भ्रमण किया। इस दौरान विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने लोगों से अनौपचारिक भेंट करते हुए लोगो से चर्चा कर लोगो को जलेबी खिलाई व सब्जी खरीदी।

**इतवारी बाजार अपडेट : भटा, टमाटर, गोभी, पत्तागोभी 30 रुपए किलो बिका**

# ठंड में हरी सब्जियों के दाम हुए सामान्य, लोगों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



बाजार में हरी सब्जियों की आवक बढ़ गई। मौसमी सब्जियों के दाम भी सामान्य है जिससे आम आदमी को राहत मिल रही है। आने वाले समय में उत्पादन बढ़ने से कीमत और नीचे जाने की संभावना है। अंचल में सब्जी उत्पादन के रकबे में लगातार वृद्धि हुई है। नतीजन बाजार में आवक बढ़ गई है। मौसम के अनुकूल होने से उत्पादन बढ़ा और टमाटर, फूलगोभी, पत्तागोभी, मटर, सेमी, बरबटी आदि सब्जियों के दाम 30 से 40 प्रतिशत गिर गए। सब्जी उत्पादक कृषक झाडूराम सोनकर ने बताया कि अंचल में हरी सब्जियों का उत्पादन बढ़ा है। बंपर उत्पादन से थोक मंडी में रेट गिरा है। खरीदार हरी सब्जियों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। सस्ती सब्जी का उठाव भी अधिक है।

शहर के इतवारी बाजार में शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। सब्जियों के रेट कम होने से खूब खरीदारी की। सब्जी विक्रेता संतलाल सोनकर ने बताया कि लौकी 10, कुम्हड़ा, मूली 20 रूपये व भटा, टमाटर, गोभी, पत्तागोभी, हरा धनिया 30 रूपये किलो रहा।

कुंदरू, हरी मिर्च, केला, डोड़का, तोराई, कोचई, परवल 40 रूपये किलो बिका। गाजर, बरबटी, शिमला मिर्च, नवलगोल 50 रूपये किलो रहा। सेमी, करेला, भिंडी, ग्वारफल्ली, मेथी भाजी 60 रूपये किलो बिकी। अदरक, ढेंस 80 रूपये तो कटहल 100 रूपये किलो बिका। उन्होंने बताया कि बाजार आने वाले ग्राहक अब थैला भरकर सब्जी खरीद रहे हैं। मौसमी सब्जियां शाम तक खत्म हो रही है। भाजियों की मांग सबसे अधिक है। पालक, चौलाई, लालभाजी, बथुआ, मेथी भाजी के रेट कम हुए हैं।

**लहसुन, जीरा चिकन से भी महंगा**

पिछले कई महीनों से लहसुन, जीरा सहित अन्य मसालों के रेट आसमान पर है। कभी 40 से 50 रूपये किलो बिकने वाला लहसुन आज 350-400 रूपये हो गया। जीरा अब भी 300 रूपये प्रतिकिलो है। काली मिर्च 780 रूपये में बरकरार है। किराना व्यापारी रामजी भाई ने बताया कि इस सप्ताह आलू पुराना 40, नया आलू 50-60 रूपये प्रति किलो है। प्याज 60 रूपये, शक्कर 42, गुड़ 48, हल्दी 150-170, मिर्च 210-300, धनिया 100, तेल रिफाइंड पाउच 140, सरसों 75, मेथी 80, राहर दाल 120-160, मूंगदाल 110, उड़द दाल 120, मसूर दाल 85, चनादेशी 85, काबुली चना 120-150, मटर सफेद 60, हरा मटर 100, चनादाल 100, सिल्की पोहा 53 रूपये किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 84 रूपये दर्जन रहा।

## स्कूल से 100 मीटर दूर है शौचालय व बाथरूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी विकासखंड के अंतिम छोर ग्राम मेचका में प्राथमिक शाला संचलित हो रही है। स्कूल से 50 से 100 मीटर की दूरी पर शौचालय व बाथरूम बना हुआ है मगर वहां जाने के रास्ते पर घास-फूस उग चुकी है जिसके चलते-चलते छात्र छात्राओं को दिक्कतें हो रही हैं। जीव जंतुओं का खतरा बना हुआ है। बरसात का मौसम बीत चुका है। उसके बाद भी तक घासफूस की साफ-सफाई नहीं की गई है।

संस्था प्रमुख द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्कूल के सफाई कर्मी से पूछने पर उन्होंने बताया कि 2 घंटे में लगभग काम पूर्ण नहीं होता।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर साहू ने बताया कि सफाई कर्मियों से शासन के निर्देशानुसार मात्र 2 घंटे काम लिया जाता है। अतिरिक्त समय लगने पर उसका भुगतान संस्था प्रमुख द्वारा किया जाएगा।

## अध्यक्ष जागेंद्र साहू व सचिव राजीव बनाए गए



■ धमतरी में फ्लेक्स एवं प्रिंटर्स वेलफेयर एसोसिएशन का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

फ्लेक्स एवं प्रिंटर्स व्यापारी संघ कई वर्षों से धमतरी जिले में अपनी सेवाएं देते आ रहे है। लंबे समय से यह महसूस किया जा रहा था कि व्यापार यूनियन की तरह फ्लेक्स एवं प्रिंटर्स संगठन का भी गठन किया जाए। इसी क्रम में 8 दिसंबर को एक रेस्टोरेंट में बैठक का आयोजन किया गया था। अतिथि अनिल कुंडलियां रायपुर, पंकज सोनी महासमुंद, डीके राजिम साहू थे।

बैठक में सर्वसम्मति से धमतरी जिला फ्लेक्स एवं प्रिंटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष जागेंद्र साहू, संरक्षक संजय डागौर, उपाध्यक्ष अनूप यादव, सचिव राजीव साहू, सहसचिव हेमंत साहू, कोषाध्यक्ष भूपेश साहू, मीडिया प्रभारी रामचंद्र देवांगन बनाये गये।

## सर्वहित की उपयोगिता से सिद्ध होती है निर्माण कार्य की प्राथमिकता : रंजना

■ महिमासागर वार्ड के शीतला माता मंदिर परिसर में शेड निर्माण कार्य का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



महिमासागर वार्ड के शीतला माता मंदिर परिसर में शेड निर्माण कार्य का पूर्व विधायक रंजना साहू ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि समाज की एकता समाज की मजबूती को दर्शाता है। समाज को आगे बढ़ाने के लिए सामाजिक पदाधिकारियों का सहयोग करते हुए आगे बढ़े। निर्माण कार्य की प्राथमिकता तभी सिद्ध होती है जब यह सर्वहित के लिए उपयोगी हो। इसके रंगरोगन व रखरखाव पर ध्यान दें और इस निर्माण कार्य को सामाजिक, धार्मिक सांस्कृतिक सहित अन्य कार्यक्रम की उपयोगिता में लाएं। श्रीमती साहू समाजजनों को एकसूत्र में बंधकर समाज के चहुंमुखी विकास के लिए मिलकर काम करने की बात कही।

शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू ने कहा कि संगठित समाज ही विकास की राह पर आगे बढ़ता है। समाज के बुजुर्गों के मार्गदर्शन में युवाओं को समाज उत्थान के लिए कार्य करने की जरूरत है। महासंरक्षक परमेश्वर फूटान ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष नर्बदा जगबेड़हा, संरक्षक होरीलाल रिगरी, सचिव सोहन धीवर, फिरोज हिरवानी, यशवंत कोसरिया, कोमल सार्वा, दुर्गेश रिगरी, सोनू नाग, राजेश हिरवानी, अनोखे नाग, करण हिरवानी, मोटू फूटान, गुड्डू धीवर, आशा धीवर, धृति हिरवान, मीना नाग समेत धीवर समाज लोग उपस्थित थे।

## अरौद स्कूल के छात्रों ने ली नशा न करने की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ कौशल प्रसाद साहू, श्रीमती लक्ष्मी साहू के सहयोग से शासकीय हाईस्कूल अरौद में नशा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। एलके यादव रिटायर्ड प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को व्याख्यान दिया। प्रोजेक्टर के माध्यम से फिल्म दिखाकर नशा के दुष्परिणाम को बताया गया। घनश्याम ठाकुर ने छात्र-छात्राओं को नशा न करने की शपथ दिलाई। प्राचार्य रवि कुमार शांडिल्य ने आभार व्यक्त किया। मौके पर श्रीमती रामेश्वरी नागवंशी, श्रीमती लतारानी ध्रुव, श्रीमती लीना कंवर, श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव, ज्योति, छबिलाल सिन्हा, नारायण सिन्हा, नीलमणि ध्रुव, सुशील निषाद, प्रशांत दिवगैया उपस्थित थे।

## जाति-उपजाति में बंटने से ही पिछड़ा वर्ग की अवधारणा वेंटिलेटर पर : शत्रुहन

■ पिछड़ा अति पिछड़ा जगाओ यात्रा में शामिल हुए ओबीसी संयोजन समिति छग के संस्थापक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के तत्वावधान में देशव्यापी पिछड़ा अति पिछड़ा जगाओ यात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम में बिहार प्रांत के गोपालगंज जिला मुख्यालय स्थित रॉयल पैलेस में राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया गया जिसमें कई राज्यों से पहुंचे संघ के पदाधिकारियों, सामाजिक, बौद्धिक संगठनों के संचालकों, लेखकों, चिंतकों सहित हज़ारों कार्यकर्ताओं ने देश में जातिगत जनगणना करवाकर सभी वर्ग को आबादी के अनुसार समान हिस्सेदारी देने एवं मंडल आयोग को पूर्णतः लागू करने की आवाज बुलंद की तथा मांगें पूरी नहीं होने पर सड़क पर उतरकर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि ओबीसी संयोजन समिति (छग) के संस्थापक शत्रुहन सिंह साहू ने कहा कि यह यात्रा गैरबराबरी और असमानता को मिटाने के लिए की जा रही है। समाज से ही आने वाले कुछ स्वार्थी व नव सामंतवादी नेताओं की वजह से जाति-उपजाति में बंटने से पिछड़ा वर्ग की अवधारणा वेंटिलेटर पर है जिसकी वजह से सभी क्षेत्र में हमारी आबादी के अनुसार हिस्सेदारी सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। देश की आजादी के 76 साल बीत जाने के बावजूद भी आज भी पिछड़ा वर्ग के लोग अपने अधिकारों की सुरक्षा को लेकर सशंकित हैं। अतिथियों का स्वागत डॉ एच पी सिंह ने किया। सम्मेलन को राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्र कुमार सिंह चंदापुरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सीएल गंगवार, शान्ति शाह महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष धनराज सिंह, सुधीर पटेल, नवल किशोर गुप्ता, कृष्णनंदन साहू, फुलेश्वर कानू सहित विभिन्न प्रदेश से आए पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

### टीबी मुक्त भारत बनाने ली गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी एवं पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय की उपस्थिति में अधिकारियों द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में टीबी मुक्त भारत बनाने की शपथ ली गई।



### सनातन सेना धर्मांतरण के विरोध में अभियान चलाएगी



**धमतरी।** विगत दिनों ग्राम पोटियाडीह में एक युवक ने धर्मांतरण के दबाव में आत्महत्या कर ली है। जिले के सनातन सेना ने इसकी कड़ी निन्दा की। डाकेश्वर साहू ने बताया कि आज पूरे जिले में धर्मांतरण और प्रार्थना सभा का खेल खुलेआम चल रहा है। आज एक युवक ने अपने परिवार और धर्म की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति दे दी। यह उसके परिवार और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। सनातन सेना धर्मांतरण और प्रार्थना सभा के विरोध में एक सूत्रीय अभियान चलाएगी। इस अवसर पर दीपक सिंह ठाकुर, गौरव जैन, अभिषेक शर्मा, सत्यम सिन्हा, आशीष शर्मा, आयुष पात्रे, महेश सिन्हा, चित्रेश साहू, अमित सोना, नितेश साहू, आयुष कुमार, प्रतीक सुंदरानी, तुषार साहू उपस्थित थे।

## सशस्त्र झंडा दिवस पर शहीद परिवारों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ द्वारा राजभवन में सशस्त्र झंडा दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि राज्यपाल रमन डेका, राज्य सैनिक बोर्ड के संचालक ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, विशेष अतिथि मेजर जनरल संजय शर्मा थे। कार्यक्रम में शहीद परिवारों का सम्मान किया गया। वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों का सम्मान किया गया।

राज्यपाल ने सैनिक हित में राज्य शासन द्वारा अनेक लाभकारी योजना चलाए जाने की बात कही। हमेशा सैनिक हित में काम करने की बात कही। मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रदेशाध्यक्ष कर्नल डॉ. हरिन्द्र त्रिपाठी, महासचिव किशोरीलाल साहू लेखा अधिकारी, प्रदेश सचिव योगेश साहू शिक्षक, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी देवेंद्र डड़सेना, प्रदेश संयोजक रवि साहू, प्रदेश संगठन मंत्री केपी साहू, गजमोहन साहू, नंदकिशोर साहू, कोमल साहू, सुदनलाल साहू, युवराज चंद्राकर समेत अन्य उपस्थित थे।







**करेठा में आयोजित अस्पृश्यता जागरुकता शिविर में शामिल हुईं जिपं सदस्य**

# अस्पृश्यता को शिक्षा से ही दूर किया जा सकता है : कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



आदिवासी विकास विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम करेठा में अस्पृश्यता निवारण शिविर का आयोजन किया गया। अतिथि क्षेत्र की जिला पंचायत वन समिति सभापति कविता योगेश बाबर ने सहभागिता प्रदान करते हुए सर्व समाज के साथ बैठकर भोजन किया। उन्होंने अपने संबोधन में जनसमुदाय से कहा कि वर्तमान में भारत का संविधान जो बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर द्वारा लिखा गया है, उसमें सभी व्यक्ति वर्ग एवं जाति के लोगों को समान अधिकार दिया गया है। उस संविधान के तहत मिले अधिकारों को पूर्ण रूप से धरातल पर पालन कराने की जवाबदारी हम सबकी है। बाबा घासीदास ने भी मनखे मनखे एक समान का नारा दिया था। आजादी के बाद क़ानून में संशोधन करते हुएसभी लोगों को समान अधिकार दिया गया है। व्यक्ति अमीर हो या ग़रीब या किसी भी जाति का हो उसे इस देश में वह सब अधिकार प्राप्त है जो एक सामान्य व्यक्ति को मिलना चाहिए और इन सबका पालन कराना प्रशासन एवं जन प्रतिनिधियों की जवाबदारी है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी वर्ग के लोगों में एकता और समरसता का संदेश देना है। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने पंथी नृत्य का प्रदर्शन किया। मौके पर सहायक संचालक आदिवासी विकास विभाग विमल कुमार साहू, सरपंच संजय भोसले, उपसरपंच घनश्याम ध्रुव, सुनीता ध्रुव, सतनामी समाज अध्यक्ष लोकेश गायकवाड़, शेष कुमार ध्रुव समेत बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

